"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 454] नवा रायपुर, मंगलवार, दिनांक 27 मई 2025 — ज्येष्ठ 6, शक 1947

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 27 मई 2025

अधिसूचना

क्रमांक GEN-2101/1319/2025/COMM. & INDUS.— चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि राज्य के औद्योगिक विकास को अधिक गति देने के लिए एवं औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के प्रावधानों को स्पष्ट करने के लिए, लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव् औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की कंडिका (2) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद् द्वारा, औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में निम्नानुसार अग्रतर संशोधन करता है, अर्थात -

संशोधन

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में,

1 कंडिका (12.3) (स) में शब्द-समूह "एवं आईटीईएस" के पश्चात चिन्ह एवं शब्द समूह ", ग्लोबल कैपबिलटी सेंटर तथा रक्षा एयरोस्पैस एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी" जोड़ा जाए।

2 कंडिका (12.4) (अ) में शब्द-समूह "सामान्य सेक्टर के उद्यमों" के स्थान पर शब्द-समूह "सामान्य श्रेणी के उद्यमियों द्वारा स्थापित उद्यमों" प्रतिस्थापित किया जाए।

3 कंडिका 12.4 (ब) में शब्द समूह "अन्य किसी प्रावधान में" के पश्चात चिन्ह एवं शब्द समूह "(12.4 (स) को छोड़कर)" जोड़ा जाए।

4 कंडिका (12.4) में नवीन खंड निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात -

"**(स)** 100 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली इकाइयों को निम्नानुसार अतिरिक्त स्थायी पूंजी निवेश अनुदान प्रदान किया जाएगा एवं अनुदान की अधिकतम सीमा भी निम्नानुसार अधिक होगी:

क्र.	न्यूनतम स्थायी रोजगार	रोजगार गणक
(1)	(2)	(3)

1.	100	1.1
2.	200	1.2
3.	500	1.3
4.	700	1.4
5.	1000	1.5"

5 कंडिका (12.5) की तालिका में बिन्दु 19 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात -

"एस.एम.ई. स्टॉक एक्सचेंज से सूचीबद्धता हेतु किये गये व्यय की प्रतिपूर्ति।"

6 कंडिका (12.5) की तालिका में बिन्दु 38 का विलोपन किया जाए।

7 कंडिका (12.5) की तालिका में नवीन प्रविष्टियाँ निम्नानुसार जोड़े जाएं, अर्थात -

"40	रोजगार सृजन अनुदान
41	ग्लोबल कैपबिलटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज
42	रक्षा, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्यमों हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज"

8 कंडिका (12.13) (अ) में शब्द समूह "30 प्रतिशत अधिकतम रू. 04 करोड़ का अनुदान तथा" को शब्द समूह "50 प्रतिशत अथवा रु 20 लाख प्रति एकड़, जो न्यूनतम हो, प्रदाय होगा। निजी औद्योगिक क्षेत्र में विकासकर्ता द्वारा सार्वजनिक अपशिष्ट जल प्रबंधन, सिवरेज जल प्रबंधन संयंत्र (Common Effluent Treatment/ Sewerage Treatment Plant) की स्थापना पर स्थापना लागत का 50% अधिकतम रु 10 लाख प्रति एकड़ (औद्योगिक पार्क) अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त" से प्रतिस्थापित किया जाए।

9 कंडिका 12.13 के खंड (ब) के स्थान पर निम्नानुसार खंड प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात -

"(ब) अधोसंरचना लागत (भूमि को छोड़कर) का 50 प्रतिशत अथवा रु 20 लाख प्रति एकड़ जो न्यूनतम हो प्रदाय होगा। निजी औद्योगिक क्षेत्र में विकासकर्ता द्वारा सार्वजनिक अपशिष्ट जल प्रबंधन, सिवरेज जल प्रबंधन संयंत्र (Common Effluent Treatment/ Sewerage Treatment Plant) की स्थापना पर

स्थापना लागत का 50% अधिकतम रु 10 लाख प्रति एकड़ अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से पूर्ण छूट, भूमि के पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति एवं भू-पुनर्निधारण कर (डायवर्सन शुल्क) में 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। इन निजी औद्योगिक क्षेत्रों/ औद्योगिक पार्कों के विकासकर्ता स्वयं के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार उद्यमों को भूमि का आबंटन कर सकेंगे, किंतु इन क्षेत्रों की स्थापना/ विकास के लिए उन्हें समस्त शासकीय नियम व शर्तों का पालन करना होगा।"

10 कंडिका (12.13) में नवीन खंड निम्नानुसार जोड़े जाएँ, अर्थात -

"**(द)** राज्य में निजी **प्लग एंड प्ले अधोसंरचना/ फ्लेटेड फैक्ट्री** की स्थापना को प्रोत्साहित करने हेतु प्लग एंड प्ले अधोसंरचना/ फ्लेटेड फैक्ट्री स्थापित करने पर अधोसंरचना लागत (भूमि को छोड़कर) का 30 प्रतिशत, अधिकतम सीमा रु 30 करोड़ प्रदाय होगा। विकासकर्ता द्वारा सार्वजनिक अपशिष्ट जल प्रबंधन, सिवरेज जल प्रबंधन संयंत्र (Common Effluent Treatment/ Sewerage Treatment Plant) की स्थापना पर स्थापना लागत का 50% अधिकतम रु 5 करोड़ अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से पूर्ण छूट, भूमि के पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति एवं भू-पुनर्निधारण कर (डायवर्सन शुल्क) में 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। इन निजी निजी प्लग एंड प्ले अधोसंरचना/ फ्लेटेड फैक्ट्री के विकासकर्ता द्वारा नीति के अध्याय-(स) में उल्लेखित उत्पादों/ सेवाओं से संबंधित सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं वृहद उद्यमों को स्वयं के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार उद्यमों को भूमि का आबंटन कर सकेंगे, किंतु इन क्षेत्रों की स्थापना/ विकास के लिए उन्हें समस्त शासकीय नियम व शर्तों का पालन करना होगा।

(ई) नगरीय क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों से भिन्न विकासखण्ड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि में, जहाँ कोई **मल्टीप्लेक्स नहीं है,** निजी निवेशक द्वारा न्यूनतम 5 करोड़ के निवेश (भूमि की कीमत छोड़कर) से, न्यूनतम 8000 वर्गफीट कारपेट एरिया के **मल्टीप्लेक्स युक्त मिनी-मॉल** की स्थापना पर अधोसंरचना लागत (भूमि को छोड़कर) का 30 प्रतिशत, अधिकतम सीमा रु 30 करोड़ प्रदाय होगा। इसके अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क से पूर्ण छूट, भूमि के पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति एवं भू-पुनर्निधारण कर (डायवर्सन शुल्क) में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जावेगी। यह निवेश प्रोत्साहन उस क्षेत्र के प्रथम मल्टीप्लेक्स युक्त मिनी-मॉल की स्थापना हेतु प्रदाय होगा। इकाई के उस क्षेत्र में प्रथम होने का निर्धारण संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाएगा।"

11 कंडिका (12.14) (स) में अंक एवं शब्द "90 दिवस" को अंक एवं शब्द "12 माह" से प्रतिस्थापित किया जाए।

12 परिशिष्ट-1 की कंडिका (6) में खण्ड (6.1) (1) के अंत में निम्नानुसार शब्द समूह जोड़ा जाए, अर्थात -

"किसी शासकीय संस्था द्वारा परियोजना हेतु लायसेंस पर प्रदान की गई भूमि, जो कालांतर में लीज होल्ड/ फ्री होल्ड में परिवर्तनीय हो, पर निर्धारित शर्तों के अनुसार परियोजना का क्रियान्वयन किए जाने पर इकाई इस नीति के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन हेतु पात्र होगी।"

13 परिशिष्ट-1 की कंडिका (6) में खण्ड (6.1) (2) के अंत में निम्नानुसार शब्द समूह जोड़ा जाए, अर्थात -

"किसी शासकीय संस्था द्वारा परियोजना हेतु लायसेंस पर प्रदान किए गए भवन, जो कालांतर में लीज होल्ड/ फ्री होल्ड में परिवर्तनीय हो, पर निर्धारित शर्तों के अनुसार परियोजना का क्रियान्वयन किए जाने पर इकाई इस नीति के अंतर्गत औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन हेतु पात्र होगी।"

14 परिशिष्ट-1 की कंडिका (6) में खण्ड (6.1) (3) में निम्नानुसार परंतुक जोड़ा जाए, अर्थात-

"परंतु विदेशों से प्रतिस्थापित (Relocate) होने वाले उद्यमों की राज्य में स्थापना को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आयातित पुराने संयंत्र/ मशीनरी (जिनकी आयु न्यूनतम 5 वर्ष बची हो) के मूल्य का 50% स्थायी पूंजी निवेश के रूप में मान्य किया जाएगा। इसके लिए यह आवश्यक होगा कि विदेशों से पुनर्स्थापित (Relocate) होने वाली कंपनी स्वयं अथवा अपने स्वामित्व की सहायक कंपनी (Wholly Owned Subsidiary) के माध्यम से राज्य में निवेश करे।"

15 परिशिष्ट-1 की कंडिका 8 (द) में निम्नानुसार परंतुक जोड़ा जाए, अर्थात-

"परंतु जिन इकाइयों द्वारा, विस्तार हेतु, राज्य शासन के साथ MoU निष्पादित किया गया है अथवा शासन द्वारा Invitation to Invest जारी किया गया है, उन्हें अभिस्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य नहीं होगा।"

16 परिशिष्ट-1 की कंडिका 9 (स) में निम्नानुसार परंतुक जोड़ा जाए, अर्थात-

"परंतु जिन इकाइयों द्वारा, शवलीकरण हेतु, राज्य शासन के साथ MoU निष्पादित किया गया है अथवा शासन द्वारा Invitation to Invest जारी किया

गया है उन्हें अभिस्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य नहीं होगा।"

17 परिशिष्ट-1 की कंडिका (16) में शब्द समूह "कोर सेक्टर उद्यम" के पश्चात शब्द समूह **"सूची में सम्मिलित नहीं हैं"** जोड़ा जाए।

18 परिशिष्ट-1 की कंडिका (17) में शब्द समूह एवं चिन्ह "बाउन्ड्रीवाल निर्माण पर किये गये निवेश।" के पश्चात शब्द समूह एवं चिन्ह "विदेशों से पुनर्स्थापित (Relocate) होने वाले उद्यमों की राज्य में स्थापना को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आयातित पुराने संयंत्र/ मशीनरी के मूल्य का 50% स्थायी पूंजी निवेश के रूप में मान्य किया जाएगा।" जोड़ा जाए; तथा

शब्द समूह "वृहद उद्योग/वृहद सेवा उद्यम के प्रकरणों में यह अवधि 24 माह" के स्थान पर शब्द समूह "रु 200 करोड़ तक के निवेश वाले वृहद उद्योग/ वृहद सेवा उद्यम के प्रकरणों में यह अवधि 24 माह, रु 200 करोड़ से 500 करोड़ तक के निवेश वाले उद्यमों के प्रकरणों में यह अवधि 36 माह, रु 500 करोड़ से 1000 करोड़ तक के निवेश वाले उद्यमों के प्रकरणों में यह अवधि 48 माह तथा रु 1000 करोड़ से अधिक निवेश वाले उद्यमों के प्रकरणों में यह अवधि 60 माह" प्रतिस्थापित किया जाए।

19 परिशिष्ट 1 की कंडिका (19) में नवीन खंड निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात -

"(फ) जो इकाईयां औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत निवेश प्रोत्साहन हेतु अपात्र हैं अथवा निवेश प्रोत्साहन प्राप्त नहीं करना चाहती उनके उत्पादन के सत्यापन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर विनिर्माण एवं मान्य सेवा उद्यम को "संचालन प्रमाण पत्र (Operational Certificate)" संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा प्रदान किया जा सकेगा। इस संबंध में उद्योग संचालनालय द्वारा दिशा- निर्देश जारी किए जाएंगे।"

20 परिशिष्ट-1 की कंडिका (25) में शब्द समूह "निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर का अधिकार, संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995" के स्थान पर शब्द समूह "दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का अधिनियम सं. 49)" प्रतिस्थापित किया जाए; तथा परिशिष्ट -7 की कंडिका (10), परिशिष्ट -8 की कंडिका (6), परिशिष्ट -9 की कंडिका (13), अध्याय (ब-1) की कंडिका (6) और अध्याय (ब-2) व (ब-3) की कंडिका (8) में उल्लेखित शब्द समूह "भारत सरकार के दिव्यांग (निःशक्त), व्यक्ति (समान अवसर का अधिकार, संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 के तहत" विलोपित किया जाए।

21 परिशिष्ट-1 की कंडिका (27) के स्थान पर निम्नानुसार कंडिका प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात, -

"(27) "नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्ति" का वही अर्थ होगा, जो छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/ पीड़ित राहत पुनर्वास नीति- 2025 में परिभाषित है।"

22 परिशिष्ट-1 की कंडिका (31) में शब्द समूह "कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 4(ए)" को शब्द समूह "कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम सं. 18) की धारा 2(72)" से प्रतिस्थापित किया जाए।

23 परिशिष्ट-2 की तालिका में उपशीर्ष (अ) अंतर्गत निम्नानुसार नवीन प्रविष्टि जोड़ा जाए, अर्थात -

"12	भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा जारी नेशनल लिस्ट ऑफ़ एसेंसियल असिस्टिव प्रोडक्ट्स (NLEAP) में उल्लेखित उत्पाद	200"

24 परिशिष्ट-2 की तालिका में उपशीर्ष (ब) अंतर्गत क्रमांक 4 की प्रविष्टि का विलोपन किया जाए।

25 परिशिष्ट-2 की तालिका में उपशीर्ष (ब) अंतर्गत निम्नानुसार नवीन प्रविष्टि जोड़ा जाए, अर्थात -

"5	हाइड्रोपोनिक्स, ऐरोपोनिक्स एवं हाईटेक कृषि जिसमे ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स इत्यादि का उपयोग हो। टीप- इस श्रेणी में निवेश प्रोत्साहन हेतु मान्य स्थायी पूंजी निवेश की गणना भूमि की कीमत को छोड़कर की जाएगी।	100
6	पोल्ट्री, हैचेरी एवं मीट प्रसंस्करण (भारत सरकार, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय द्वारा चिन्हान्कित उत्पाद)	100

टीप- उपरोक्त क्रमांक 5 एवं 6 में उल्लेखित सेक्टर में उनके सम्मुख उल्लेखित निवेश सीमा से कम निवेश करने वाले उद्यम इस नीति के अंतर्गत निवेश प्रोत्साहन हेतु अपात्र होंगे।"

26 परिशिष्ट 2 की तालिका में उपशीर्ष (क) अंतर्गत प्रविष्टि क्रमांक 6 के कॉलम 2 में शब्द "उद्यम" के पश्चात शब्द समूह "टीप- इस श्रेणी के वृहद उद्यम अध्याय (स-2) में उल्लेखित निवेश प्रोत्साहन हेतु पात्र होंगे।" जोड़ा जाए।

27 परिशिष्ट-2 की तालिका में उपशीर्ष (क) अंतर्गत निम्नानुसार नवीन प्रविष्टि जोड़ा जाए, अर्थात -

"12	ग्राफीन उत्पादन	500"

28 परिशिष्ट-2 की तालिका के अंत में निम्नानुसार नवीन प्रविष्टि और टीप जोड़ा जाए, अर्थात -

"(ग)	**खिलौना सेक्टर**	
1	प्लास्टिक आधारित खिलौने	75
2	सॉफ्ट टॉयस	50
3	इलेक्ट्रॉनिक खिलौने	150
4	छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खिलौने (ग्रामोद्योग)	10
	टीप- 1. प्लास्टिक आधारित खिलौने एवं सॉफ्ट टॉयस के वृहद उद्यम अध्याय (स-2) में उल्लेखित निवेश प्रोत्साहन हेतु पात्र होंगे। 2. इलेक्ट्रॉनिक खिलौने के वृहद उद्यम अध्याय (स-4) में उल्लेखित निवेश प्रोत्साहन हेतु पात्र होंगे।"	

29 परिशिष्ट-2 की तालिका के अंत में निम्नानुसार नवीन प्रविष्टि जोड़ा जाए, अर्थात -

"(घ)	**चक्रीय अर्थव्यवस्था** (Circular Economy) **से संबंधित उत्पाद**	
1	बायोमास ब्रिकेट/पेलेट	100
2	प्लास्टिक रीसाइक्लिंग से ग्रैन्यूल निर्माण एवं अन्य उत्पाद, जो अपात्र उद्यम नहीं है, का विनिर्माण	75
3	इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट प्रोसेसिंग	100
4	ग्रीन सीमेंट (क्लिंकर-फ्री सीमेंट)	50
5	रीसाइकल्ड गारमेंट, फूटवीयर, कारपेट आदि	150

6	बायोमास बैग्स	50"

30 परिशिष्ट-3 में शब्द-समूह "(12) राईस मिल एवं परबॉईलिंग (केवल समूह -1 एवं 2 के विकासखंडों के लिए)" के स्थान पर शब्द-समूह "(14) राईस मिल, पारबॉयलिंग एवं फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) (केवल समूह-1 एवं 2 के विकासखंडों के लिए)" प्रतिस्थापित किया जाए।

31 परिशिष्ट-6 के शीर्षक से शब्द समूह "सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम" विलोपित किया जाए।

32 परिशिष्ट- 6 की तालिका के खंड (ब) के क्रमांक 3 के कॉलम 2 में शब्द समूह "बिजनस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ)" के पश्चात शब्द समूह एवं चिन्ह ", नालेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ), लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग (एलपीओ)" जोड़ा जाए।

33 परिशिष्ट- 6 की तालिका के खंड (स) के क्रमांक 1 की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात

"1.	ऑटो-मोबाईल रिपेयरिंग एंड सर्विस सेंटर	समूह 1- 50
		समूह 2- 30
		समूह 3- 10"

34 परिशिष्ट- 6 की तालिका के खंड (ई) के क्रमांक 2 के कॉलम 3 में अंक "1500" के पश्चात शब्द समूह एवं चिन्ह "परन्तु बस्तर एवं सरगुजा संभाग हेतु 750" जोड़ा जाए।

35 परिशिष्ट- 6 की तालिका के खंड (इ) के क्रमांक 3 के कॉलम 2 में शब्द समूह "सांस्कृतिक सेवाएं" के पश्चात शब्द समूह एवं चिन्ह "यथा भारत/राज्य की कला, संगीत, नृत्य, साहित्य को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र की स्थापना।" जोड़ा जाए।

36 परिशिष्ट- 6 की तालिका के खंड (इ) के क्रमांक 5 के कॉलम 2 में शब्द समूह "हेल्थ वेलनेस सेंटर" के पश्चात शब्द समूह "इनमें सम्मिलित हैं न्यूनतम 50 बेड वाले सभी प्रकार के एलोपथिक, आयुष, नैचुरोपैथी अथवा एकीकृत हॉस्पिटल/सेंटर" जोड़ा जाए।

37 परिशिष्ट-6 की तालिका के अंत में निम्नानुसार नवीन प्रविष्टि जोड़ा जाए, अर्थात -

"(ह)	**खेल, शिक्षा एवं प्रशिक्षण सेवाएं:**	
1	स्पोर्ट्स एवं री-क्रियेशनल सेंटर	500
2	आवासीय खेल अकादमी	500 (बस्तर एवं सरगुजा संभाग हेतु 200)
3	टेक्सटाइल, अपेरल, फूटवेयर, खिलौना, फर्नीचर, एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित अन्य सेक्टर में निजी प्रशिक्षण केंद्र	25
4	NIRF (विश्वविद्यालय) रैंकिंग में टॉप 100 में सम्मिलित निजी विश्वविद्यालय का बस्तर/ सरगुजा संभाग में न्यूनतम 1000 छात्र की क्षमता के कैम्पस की स्थापना	5000
5	QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के टॉप 500 में सम्मिलित फॉरेन यूनिवर्सिटी का छत्तीसगढ़ राज्य में न्यूनतम 1000 छात्र की क्षमता के कैम्पस की स्थापना	5000
6	असेवित (unserved) नगरीय क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों से भिन्न विकासखण्ड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि में, उस क्षेत्र में प्रथम 03, न्यूनतम 500 विद्यार्थी क्षमता के कक्षा पहली से बारहवीं हेतु सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल। इकाई के उस क्षेत्र में प्रथम 03 होने का निर्धारण संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर किया जाएगा। (भूमि की कीमत छोड़कर)।	500"

38 परिशिष्ट-7 के प्रथम पैरा में शब्द समूह "की स्थापना" के पश्चात शब्द समूह "एवं विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण" जोड़ा जाए।

39 परिशिष्ट-7 की कंडिका (3), परिशिष्ट-8 की कंडिका (2), अध्याय (अ-2) की कंडिका (3), अध्याय (ब-1) की कंडिका (2), अध्याय (ब-2) की कंडिका (2), अध्याय (ब-3) की कंडिका (4), अध्याय (स-1), (स-2), (स-3), (स-4), (स-5),

(स-6), (स-7) की कंडिका (2) एवं अध्याय (द-1) की कंडिका (3) में निम्नानुसार वाक्य जोड़ा जाए, अर्थात -

"विस्तार/ शवलीकरण के प्रकरणों में उद्यमों को विद्युत शुल्क छूट, विस्तार/ शवलीकरण हेतु यंत्र एवं संयंत्र/उपस्कर में किए गए अतिरिक्त निवेश एवं यंत्र एवं संयंत्र/ उपस्कर में कुल निवेश (विद्यमान निवेश+विस्तार/ शवलीकरण निवेश) के अनुपात में, उपरोक्त अवधि हेतु प्रदान की जाएगी। चरणबद्ध उत्पादन/सेवा गतिविधि के प्रकरण में चरणवार अनुपात की गणना परिशिष्ट-1 की कंडिका (17) में उल्लेखित समय सीमा हेतु की जा सकेगी, परंतु छूट की अवधि की गणना विस्तार/शवलीकरण के पश्चात प्रथम उत्पादन/सेवा गतिविधि दिनांक से की जाएगी। "

40 परिशिष्ट-7 की कंडिका (11), परिशिष्ट 8 की कंडिका (8), अध्याय (अ-2) की कंडिका (19), अध्याय (ब-1) की कंडिका (9), अध्याय (ब-2) की कंडिका (10), अध्याय (ब-3) की कंडिका (9), अध्याय (स-1), (स-2) एवं (स-3) की कंडिका (10), अध्याय (स-4), (स-5), (स-6) एवं (स-7) की कंडिका (8) से शब्द "कुशल एवं अर्धकुशल" विलोपित किया जाए।

41 परिशिष्ट-8 के प्रथम पैरा में शब्द समूह "की स्थापना" के पश्चात शब्द समूह "एवं विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण" जोड़ा जाए।

42 परिशिष्ट-8 में कंडिका (1) एवं (2) की सारणी में शब्द समूह "यंत्र संयंत्र में पूंजी निवेश" को शब्द समूह "स्थायी पूंजी निवेश (भूमि की कीमत छोड़कर)" से प्रतिस्थापित किया जाए।

43 परिशिष्ट-8 की कंडिका (5) में शब्द "औद्योगिक" के पश्चात चिन्ह एवं शब्द "/वाणिज्यिक" जोड़ा जाए।

44 परिशिष्ट-8 की कंडिका (7), अध्याय (ब-1) की कंडिका (7), अध्याय (ब-2) की कंडिका (9), अध्याय (स-1), (स-2) एवं (स-3) की कंडिका (9) एवं अध्याय (स-4), (स-5), (स-6) एवं (स-7) की कंडिका (7) से शब्द "कुशल एवं अर्धकुशल" विलोपित किया जाए तथा शब्द समूह "रु 01 करोड़ प्रतिवर्ष" को शब्द समूह "मान्य स्थायी पूंजी निवेश का 2%" प्रतिस्थापित किया जाए।

45 परिशिष्ट-8 की कंडिका (9) के शीर्ष में अंक "1000" को अंक "500" से प्रतिस्थापित किया जाए।

46 परिशिष्ट-9 कंडिका (6) में शब्द समूह "तथा निजी औद्योगिक क्षेत्रों/औद्योगिक पार्कों को न्यूनतम 15 एकड़ तक भूमि व्यपवर्तित किये जाने पर पुनर्निर्धारण में 90 प्रतिशत छूट रहेगी" को विलोपित किया जाए।

47 अध्याय (ब-1) में कंडिका (1) के पश्चात नवीन कंडिका निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात -

"**(1-अ) <u>ब्याज अनुदान</u>:-**
परिशिष्ट-2 के अंतर्गत थ्रस्ट सेक्टर के उद्यमों की स्थापना अथवा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/शवलीकरण पर प्लांट एवं मशीनरी हेतु प्लांट लिए गए सावधि ऋण पर भुगतान किए गए ब्याज का 40% अथवा 5% की दर से परिकलित ब्याज जो न्यूनतम हो, वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से 5 वर्षों के लिए, अनुदान प्रदान किया जाएगा। अनुदान की वार्षिक सीमा रु 5 करोड़ होगी।"

48 अध्याय (ब-1) की कंडिका (10), अध्याय (स-1), (स-2) की कंडिका (12), अध्याय (स-3) की कंडिका (13), अध्याय (स-4), (स-5) की कंडिका (10) एवं अध्याय (स-6), (स-7) की कंडिका (11) में शब्द समूह "के अनुसार होगी" को शब्द समूह "में निर्धारित दर, संयुक्त अधिकतम सीमा स्थायी पूंजी निवेश का 2%, से देय होंगे" से प्रतिस्थापित किया जाए।

49 अध्याय (ब-2) के शीर्षक में शब्द समूह "सेक्टर के" पश्चात शब्द समूह "मध्यम एवं" जोड़ा जाए।

50 अध्याय (ब-2) के प्रथम पैरा में शब्द समूह "स्टील सेक्टर के पात्र नवीन" के पश्चात शब्द समूह "मध्यम एवं" जोड़ा जाए।

51 अध्याय (ब-2) की कंडिका (7) की तालिका में क्रमांक 1 विलोपित किया जाए।

52 अध्याय (ब-2) की कंडिका (11) में शब्द समूह "सामान्य एवं थ्रस्ट" को शब्द समूह "कोर(स्टील)" से प्रतिस्थापित किया जाए।

53 अध्याय (ब-3) के शीर्षक में शब्द समूह "कोर सेक्टर के अन्य" के पश्चात शब्द समूह "मध्यम एवं" जोड़ा जाए।

54 अध्याय (स) के शीर्षक में शब्द "उत्पाद" के पश्चात चिन्ह एवं शब्द "/सेवा" जोड़ा जाए, एवं शब्द "वृहद" विलोपित किया जाए।

55 अध्याय (स-1) एवं (स-3) में नवीन कंडिका **(9-अ)**, अध्याय (स-4), (स-5) एवं (स-6) और अध्याय (स-7) में नवीन कंडिका **(7-अ)** के रूप में निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात-

"**<u>रोजगार सृजन अनुदान</u>:-**
50 से अधिक स्थायी रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमों द्वारा उनके स्थायी नियोजन में सम्मिलित रु 50,000 तक मासिक वेतन प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को भुगतान किए गए वेतन का 20% की प्रतिपूर्ति नियोजन से 5 वर्षों तक अधिकतम प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन/ सेवा गतिविधि दिनांक से 7 वर्षों तक की जाएगी।"

56 अध्याय (स-1),(स-2),(स-3) एवं (स-4) में कंडिका (1) के पश्चात नवीन कंडिका निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात -

"**(1-अ) <u>ब्याज अनुदान</u>:-**
नवीनउद्यमों की स्थापना अथवा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण पर प्लांट एवं मशीनरी हेतु लिए गए सावधि ऋण पर भुगतान किए गए ब्याज का 50% अथवा 6% की दर से परिकलित ब्याज जो न्यूनतम हो, वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों के लिए, अनुदान प्रदान किया जाएगा। अनुदान की वार्षिक सीमा रु 20 करोड़ होगी।"

57 अध्याय-स-2 के प्रथम पैरा में अंक "100" को अंक "200" से प्रतिस्थापित किया जाए।

58 अध्याय (स-2) में कंडिका (9) के पश्चात नवीन कंडिका निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात -

"**(9-अ) <u>रोजगार सृजन अनुदान</u>: -**
50 से अधिक स्थायी रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमों द्वारा उनके स्थायी नियोजन में सम्मिलित रु 50,000 तक मासिक वेतन प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों हेतु, रु 6,000 प्रति महिला प्रतिमाह एवं रु 5,000 प्रति पुरुष प्रतिमाह रोजगार सृजन अनुदान नियोजन से 5 वर्षों तक अधिकतम प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन/ सेवा गतिविधि दिनांक से 7 वर्षों तक प्रदान किया जाएगा।"

59 अध्याय (स-2) की कंडिका 11 में शब्द समूह "110 प्रतिशत" को शब्द समूह "220 प्रतिशत" से प्रतिस्थापित किया जाए।

60 अध्याय (स-2) की कंडिका 12 में शब्द समूह "परिवहन अनुदान (केवल निर्यातक इकाई को)," एवं शब्द समूह "व 9.16" विलोपित किया जाए।

61 अध्याय (स-3) की कंडिका (11) में शब्द समूह "के दिनांक से 5 वर्ष" को शब्द समूह "अथवा प्रमाण पत्र जारी होने के दिनांक से 5 वर्ष, जो पश्चातवर्ती हो" से

प्रतिस्थापित किया जाए;
शब्द समूह "50 प्रतिशत" को शब्द समूह "75 प्रतिशत" से प्रतिस्थापित किया जाए;
और शब्द समूह "व्यय की प्रतिपूर्ति" विलोपित किया जाए।

62 अध्याय (स-5) की कंडिका (5) में शब्द "औद्योगिक" को शब्द "वाणिज्यिक" से प्रतिस्थापित किया जाए।

63 अध्याय (स-5) की कंडिका बिन्दु (9) में अंक "110" को अंक "165" से प्रतिस्थापित किया जाए।

64 अध्याय (स-5),(स-6) एवं (स-7) में कंडिका (1) के पश्चात नवीन कंडिका निम्नानुसार जोड़ा जाए, अर्थात -

"**(1-अ) <u>ब्याज अनुदान</u>:-**
नवीन उद्यमों की स्थापना अथवा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण हेतु लिए गए सावधि ऋण पर भुगतान किए गए ब्याज का 50% अथवा 6% की दर से परिकलित ब्याज जो न्यूनतम हो, वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों के लिए, अनुदान प्रदान किया जाएगा। अनुदान की वार्षिक सीमा रु 20 करोड़ होगी।"

65 अध्याय (स-6) की कंडिका (5) में शब्द "औद्योगिक" को शब्द "वाणिज्यिक" से प्रतिस्थापित किया जाए।

66 अध्याय (स-6) की कंडिका (10) में अंक "110" को अंक "165" से प्रतिस्थापित किया जाए।

67 अध्याय (स-7) की कंडिका (5) में शब्द "औद्योगिक" को शब्द "वाणिज्यिक" से प्रतिस्थापित किया जाए।

68 अध्याय (स-7) की कंडिका (10) में अंक "110" को अंक "165" से प्रतिस्थापित किया जाए।

69 अध्याय (स-7) के पश्चात नवीन अध्याय **(स-8) औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना हेतु "औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन" पैकेज** संलग्न **अनुसूची-1** अनुसार जोड़ा जाए।

70 अध्याय (स-8) के पश्चात नवीन अध्याय **(स-9) औद्योगिक विकास नीति, 2024-30 के अंतर्गत डिफेन्स एवं स्पेस से सम्बंधित क्षेत्र के वृहद उद्यम हेतु "औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन" पैकेज** संलग्न **अनुसूची-2** अनुसार जोड़ा जाए।

71 अध्याय (द-1) की कंडिका (8) में शब्द समूह एवं चिन्ह "व्यय की प्रतिपूर्ति," के पश्चात शब्द समूह एवं चिन्ह "मंडी शुल्क से छूट," जोड़ा जाए।

72 अध्याय (द-2) विलोपित किया जाए।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रजत कुमार, सचिव.

अनुसूची-1

(स-8) औद्योगिक विकास नीति, 2024-30 के अंतर्गत ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना हेतु "औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन" पैकेज:-

भारत ग्लोबल कैपबिलटी सेंटर की स्थापना में अग्रणी देश है। वर्तमान में देश में लगभग 1800 जीसीसी कार्यरत हैं जो लगभग 20 लाख व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं। इनमे से लगभग 92% जीसीसी बेंगलुरू, हैदराबाद, चेन्नई, मुंबई, पुणे एवं दिल्ली एनसीआर में स्थापित हैं। अतः जीसीसी को राज्य में आकर्षित करने हेतु विशेष पैकेज तैयार किया गया है।

जीसीसी वह इकाइयां होंगी जो मल्टी नैशनल कंपनी के स्वामित्व वाली सहायक कंपनी होगी एवं जो बैक एंड ऑफिस/ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस/ अनुसंधान केंद्र के रूप में अपनी पैरेंट कंपनी के विशेष कार्य जैसे वित्तीय प्रबंधन, एनालिटिक्स, मानव संसाधन प्रबंध, इन्टर्नल ऑडिट, विधिक कार्य, आईटी, रिसर्च एवं डेवलपमेंट, नवाचार, ग्लोबल सप्लाइ चेन प्रबंधन इत्यादि निष्पादित करेगी। जीसीसी के अंतर्गत किसी थर्ड पार्टी के लिए सिर्फ आई.टी./ आई.टी.ई.एस. सेवा प्रदान करने वाली इकाई जीसीसी के रूप में मान्य नहीं होगी।

स्थायी पूंजी निवेश एवं रोजगार के आधार पर जीसीसी को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है:

ग्लोबल कैपबिलटी सेंटर	मानदंड
लेवल-1 जीसीसी	रु 10 करोड़ से 50 करोड़ स्थाई पूंजी निवेश अथवा न्यूनतम 250 रोजगार प्रदान करने वाले जीसीसी
एडवांस जीसीसी	न्यूनतम 50 करोड़ स्थाई पूंजी निवेश अथवा न्यूनतम 500 रोजगार प्रदान करने वाले जीसीसी

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत राज्य में निवेश के आधार पर ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना तथा विस्तार के प्रकरणों में निवेशक इकाईयों को उनके द्वारा परियोजना में स्थाई पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने

वाली राशि के 150 प्रतिशत तक (अन्यथा प्रावधानित होने पर यह सीमा तदानुसार होगी) औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जावेगा।

इस पैकेज में अनुदान/छूट/रियायतें/प्रतिपूर्ति की निम्नानुसार सुविधाएं दी जा सकेंगी:-

(1) स्थायी पूंजी निवेश अनुदान :-

राज्य में ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना पर निम्नलिखित विवरण अनुसार स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिया जावेगा-

स्थायी पूंजी निवेश	अनुदान का प्रतिशत	अनुदान की अधिकतम राशि (रूपये करोड़ में)	अनुदान वितरण की समयावधि
(1)	(2)	(3)	(4)
लेवल-1 जीसीसी	35	15	05 वर्ष, समान वार्षिक किश्तों में
एडवांस जीसीसी	35	60	06 वर्ष, समान वार्षिक किश्तों में

नोटः-

1. स्थायी पूंजी अनुदान की प्रथम किश्त का भुगतान सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के पश्चात प्रस्तुत आवेदन पर निर्धारित स्वीकृति के पश्चात किया जा सकेगा।

2. जीसीसी हेतु नवीकरणीय ऊर्जा की व्यवस्था करने पर इकाई 5% अतिरिक्त अनुदान हेतु पात्र होगी तथा अधिकतम सीमा भी 5% अधिक होगी।

(2) विद्युत शुल्क छूट :-

राज्य में ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना पर सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के दिनांक से 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क छूट दी जावेगी।

(3) स्टाम्प शुल्क से छूट :-

राज्य में नवीन ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की पर भूमि, शेड तथा भवनों के क्रय/पट्टे/ पर लिए जाने के मामले में निष्पादित किये जाने विलेखों पर संबंधित भूमि लीज के विलेखों पर स्टाम्प शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान किया जायेगा।

(4) पंजीयन शुल्क प्रतिपूर्ति :-

राज्य में नवीन ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना हेतु भूमि पर देय पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति प्रदान किया जायेगा।

(5) भू उपयोग में परिवर्तन शुल्क में छूट :-

राज्य में नवीन ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना पर भू-उपयोग परिवर्तन (वाणिज्यिक प्रयोजन होने पर) अधिकतम 50 एकड़ भूमि तक के लिए भू-पुर्ननिर्धारण कर (डायवर्सन शुल्क) में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

(6) नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क की प्रतिपूर्ति :-

जीसीसी की स्थापना हेतु नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क (सुरक्षा निधि को छोड़कर) की 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति किया जायेगा।

(7) परिचालन व्यय (Operational Expendture) अनुदान :-

राज्य में ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना पर सेवा गतिविधि प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों तक परिचालन व्यय (लीस रेंट, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बैन्डविड्थ, डेटा सेंटर/ क्लाउड होस्ट सर्विस चार्ज तथा ऊर्जा व्यय) का 20% अनुदान प्रदान किया जाएगा। परिचालन व्यय अनुदान की वार्षिक सीमा मान्य स्थायी पूंजी निवेश की 2% होगी।

(8) ब्याज अनुदान:

जीसीसी की स्थापना हेतु लिए गए सावधि ऋण पर निम्नानुसार ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा:

स्थायी पूंजी निवेश	अनुदान का प्रतिशत	अनुदान की अधिकतम वार्षिक सीमा (रूपये करोड़ में)	समयावधि
(1)	(2)	(3)	(4)
लेवल-1 जीसीसी	भुगतान किए गए ब्याज का 50% अथवा 6% की दर से अगणित ब्याज जो न्यूनतम हो	1	5 वर्षों के लिए
एडवांस जीसीसी	भुगतान किए गए ब्याज का 40% अथवा 6% की	2	5 वर्षों के लिए

	दर से अगणित ब्याज जो न्यूनतम हो		

(9) वेतन व्यय अनुदान :-

राज्य में स्थापित जीसीसी को सेवा गतिविधि प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों तक राज्य के मूल निवासियों को भुगतान किए गए वेतन का 20% अधिकतम रु 2,00,000/- प्रतिमाह प्रति कर्मचारी अनुदान प्रदान किया जाएगा । प्रतिपूर्ति की वार्षिक सीमा मान्य स्थायी पूंजी निवेश के 10% के समतुल्य होगी।

(10) ई.पी.एफ. प्रतिपूर्ति :-

राज्य में ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना पर छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों हेतु नियोक्ता के ईपीएफ अंशदान में 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, सेवा गतिविधि प्रारंभ दिनांक से 05 वर्ष तक की जाएगी। प्रतिपूर्ति की वार्षिक सीमा मान्य स्थायी पूंजी निवेश के 2% के समतुल्य होगी।

(11) कौशल विकास व्यय प्रतिपूर्ति :-

राज्य में स्थापित ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) छत्तीसगढ़ के मूल निवासी स्थायी कर्मचारियों के एमरजींग टेक्नॉलजी (यथा ब्लॉकचेन, एआई इत्यादि)/accounting/ऑडिट/ एनालिटिक्स/साइबर सिक्युरिटी इत्यादि में प्रशिक्षण पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति 50% की दर से अथवा रु 50,000/- प्रति कर्मचारी जो न्यूनतम हो की जाएगी। प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा मान्य स्थायी पूंजी निवेश की 50% होगी एवं समय सीमा सेवा गतिविधि प्रारंभ दिनांक से 5 वर्ष तक होगी।

(12) एंकर इकाईयों को विशेष अनुदान :-

प्रथम 5 एंकर इकाईयों जिनका निवेश रू. 100 करोड़ से अधिक होगा उन्हें मान्य स्थाई पूंजी निवेश का 5 प्रतिशत अनुदान अधिक एवं अधिकतम सीमा कुल स्थाई पूंजी निवेश के 165 प्रतिशत तक दी जा सकेगी।

(13) अन्य अनुदान :-

अन्य अनुदान यथा - परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेंट अनुदान, प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान, जल एवं ऊर्जा

दक्षता व्यय प्रतिपूर्ति अनुदान, परिशिष्ट-क्रमशः 9.8, 9.9, 9.10, 9.11 एवं 9.15 के अनुसार होगी।

(14) विशेष अनुदान :-

राज्य के स्टार्ट-अप हेतु जीसीसी में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने पर जीसीसी को औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अध्याय द-3 के बिन्दु (5) में उल्लेखित अनुदान प्रदान किए जाएंगे।

(15) 500 करोड़ से अधिक निवेश अथवा 1000 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली इकाइयों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान :-

राज्य में रु 500 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली अथवा 1000 से अधिक रोजगार प्रदान करने वाली ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना हेतु औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में घोषित आर्थिक निवेश प्रोत्साहन के अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने के प्रस्तावों पर मंत्रिमंडलीय उप समिति विचार कर सकेगी।

अनुसूची-2

(स-9) औद्योगिक विकास नीति, 2024-30 के अंतर्गत रक्षा, एयरोस्पेस एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित क्षेत्र के वृहद उद्यम हेतु "औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन" पैकेज:-

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत राज्य में निवेश के आधार पर **रक्षा, एयरोस्पेस एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी** से संबंधित नवीन उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण के प्रकरणों में निवेशक इकाईयों को उनके द्वारा परियोजना में स्थाई पूंजी निवेश की मदों पर निवेश होने वाली राशि के 100 प्रतिशत तक (अन्यथा प्रावधानित होने पर यह सीमा तदानुसार होगी) औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जावेगा। भारत सरकार अथवा उनके द्वारा अधिकृत एजेंसियों द्वारा परिभाषित/मान्य रक्षा, एयरोस्पेस एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्यम/उत्पाद इस पैकेज हेतु पात्र होंगे।

इस पैकेज में अनुदान/छूट/रियायतें/प्रतिपूर्ति की निम्नानुसार सुविधाएं दी जा सकेंगी:-

(1) नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर (नेट एसजीएसटी) प्रतिपूर्ति : -

वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 12 वर्ष तक भुगतान किये गये नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर (नेट एसजीएसटी), अधिकतम स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति की जावेगी।

अथवा

स्थायी पूंजी निवेश अनुदान :-

राज्य में डिफेन्स एवं एयरोस्पेस से संबंधित नवीन उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/शवलीकरण/प्रतिस्थापन/आधुनिकीकरण के प्रकरणों में निम्नलिखित विवरण अनुसार स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिया जावेगा-

यंत्र संयंत्र में पूंजी निवेश (रूपये करोड़ में)	अनुदान का प्रतिशत	अनुदान की अधिकतम राशि (रूपये करोड़ में)	अनुदान वितरण की समयावधि
(1)	(2)	(3)	(4)

रू. 50 से अधिक किन्तु रू. 200 से कम	35	60	06 वर्ष, समान वार्षिक किश्तों में
रू. 200 से अधिक किन्तु रू. 500 से कम	35	150	06 वर्ष, समान वार्षिक किश्तों में
रू. 500 से अधिक	35	300	06 वर्ष, समान वार्षिक किश्तों में

नोटः- (1) बिन्दु क्रमांक 1 में दर्शित नेट राज्य वस्तु एवं सेवा कर (नेट एसजीएसटी) प्रतिपूर्ति अथवा स्थायी पूंजी निवेश अनुदान में से कोई एक सुविधा विकल्प चयन के आधार पर ली जा सकेगी। इस हेतु एक बार लिया गया विकल्प अपरिवर्तनीय होगा। विकल्प चयन करने हेतु निवेशक को विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में विकल्प पत्र शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

(2) स्थायी पूंजी अनुदान की प्रथम किश्त का भुगतान उत्पादन प्रारंभ करने के पश्चात प्रस्तुत आवेदन पर निर्धारित स्वीकृति के पश्चात किया जा सकेगा।

(2) ब्याज अनुदान :-

नवीन उद्यमों की स्थापना अथवा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण पर प्लांट एवं मशीनरी हेतु लिए गए सावधि ऋण पर भुगतान किए गए ब्याज का 50% अथवा 6% की दर से परिकलित ब्याज जो न्यूनतम हो, वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों के लिए, अनुदान प्रदान किया जाएगा। अनुदान की वार्षिक सीमा रु 20 करोड़ होगी।

(3) विद्युत शुल्क छूट :-

राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना अथवा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 12 वर्ष तक की विद्युत शुल्क छूट दी जावेगी। विस्तार/ शवलीकरण के प्रकरणों में उद्यमों को विद्युत शुल्क छूट, विस्तार/ शवलीकारण हेतु यंत्र एवं संयंत्र/ उपस्कर में किए गए अतिरिक्त निवेश एवं यंत्र एवं संयंत्र/उपस्कर में कुल निवेश (विद्यमान निवेश+विस्तार/ शवलीकरण निवेश) के अनुपात में, उपरोक्त अवधि हेतु प्रदान की जाएगी। चरणबद्ध उत्पादन के प्रकरण में चरणवार अनुपात की गणना

परिशिष्ट-1 के बिन्दु (17) में उल्लेखित समय सीमा हेतु की जा सकेगी, परंतु छूट की अवधि की गणना विस्तार/शवलीकरण के पश्चात प्रथम उत्पादन दिनांक से की जाएगी।

(4) स्टाम्प शुल्क से छूट :-

राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण के प्रकरणों में भूमि, शेड तथा भवनों के क्रय/ पट्टे पर लिए जाने के मामले में निष्पादित किये जाने विलेखों पर संबंधित भूमि लीज के विलेखों पर स्टाम्प शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान किया जायेगा।

(5) पंजीयन शुल्क प्रतिपूर्ति :-

राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण के प्रकरणों में भूमि पर देय पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति प्रदान किया जायेगा।

(6) भू उपयोग में परिवर्तन शुल्क में छूट :-

राज्य में नवीन उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण के प्रकरणों में भू-उपयोग परिवर्तन (औद्योगिक प्रयोजन होने पर) अधिकतम 50 एकड़ भूमि तक के लिए भू-पुर्ननिर्धारण कर (डायवर्सन शुल्क) में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

(7) नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क की प्रतिपूर्ति :-

केवल पात्र नवीन उद्यमों को नवीन विद्युत कनेक्शन पर देय शुल्क (सुरक्षा निधि को छोड़कर) की 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति किया जायेगा।

(8) रोजगार सृजन अनुदान : -

50 से अधिक स्थायी रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमों द्वारा प्रथम बार स्थायी रोजगार प्राप्त करने वाले एवं रु 50,000 तक मासिक वेतन प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को भुगतान किए गए वेतन का 20% की प्रतिपूर्ति नियोजन से 5 वर्षों तक अधिकतम प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन/ सेवा गतिविधि दिनांक से 7 वर्षों तक की जाएगी।

(9) ई.पी.एफ. प्रतिपूर्ति :-

राज्य में उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/शवलीकरण/प्रतिस्थापन/आधुनिकीकरण के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों के ईपीएफ अंशदान में उत्पादन दिनांक से 05 वर्ष तक की 75 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, अधिकतम मान्य स्थायी पूंजी निवेश का 2% प्रतिवर्ष की पात्रता होगी।

(10) प्रशिक्षण वृत्ति प्रतिपूर्ति :-

राज्य में उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण के प्रकरणों में रूपये 50,000 प्रतिमाह से कम वेतन वाले छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी के प्रशिक्षण पर उनके एक माह का वेतन या अधिकतम रूपये 15,000 प्रति व्यक्ति, जो कम हो, की दर से 05 वर्ष की अवधि हेतु अथवा स्थायी पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत तक की सीमा तक प्रतिपूर्ति की जा सकेगी । इस हेतु प्रथम क्लेम कर्मचारी के नियोजन के एक वर्ष पश्चात से देय होगा ।

(11) एंकर इकाईयों को विशेष अनुदान :-

प्रथम 5 एंकर इकाईयों जिनका निवेश रू. 200 करोड़ से अधिक होगा उन्हें मान्य स्थाई पूंजी निवेश का 5 प्रतिशत अनुदान अधिक एवं अधिकतम सीमा कुल स्थाई पूंजी निवेश के 110 प्रतिशत तक दी जा सकेगी।

(12) अन्य अनुदान :-

अन्य अनुदान यथा - परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेंट अनुदान, प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान, जल एवं ऊर्जा दक्षता व्यय प्रतिपूर्ति अनुदान, परिवहन अनुदान (केवल निर्यातक इकाई को), परिशिष्ट-क्रमशः 9.8, 9.9, 9.10, 9.11, 9.15 व 9.16 में उल्लेखित दर के अनुसार प्रदान किए जाएंगे। अनुदानों की अधिकतम सीमा मान्य स्थायी पूंजी निवेश के 2% के समतुल्य होगी ।

(13) विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन :- राज्य में नवीन डिफेन्स एवं एयरोस्पेस से संबंधित उद्यमों की स्थापना तथा विद्यमान उद्यमों के विस्तार/ शवलीकरण/ प्रतिस्थापन/ आधुनिकीकरण के प्रकरणों में निम्नानुसार विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा:-

क्र.	मद	विवरण
(1)	(2)	(3)
1	अनुसंधान एवं विकास की स्थापना	रक्षा,एयरोस्पेस एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी हेतु स्थापित नवीन अनुसंधान एवं विकास हेतु क्रय यंत्र एवं संयंत्र पर व्यय का 20 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम रूपये 3 करोड़।
2	अनुसंधान एवं विकास हेतु क्रय/ लीज पर प्राप्त की गयी भूमि एवं भवन पर स्टाम्प शुल्क छूट	पूर्ण छूट।
3	सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) की स्थापना पर निवेश प्रोत्साहन	रक्षा, ऐयरोस्पेस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रेमोट सेन्सिंग इत्यादि क्षेत्रों हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) की स्थापना/ विस्तार/ शवलीकरण पर 50% स्थायी पूंजी निवेश अनुदान एवं निवेश के आधार पर नीति के परिशिष्ट-7/ परिशिष्ट-8 में उल्लेखित अन्य निवेश प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे।
4	निर्यात हेतु प्रमाण पत्र प्राप्ति	निर्यात हेतु उत्पादों के अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन/अनुमोदन प्राप्त किये जाने के अन्य प्रकरण में प्रति प्रकरण राशि रूपये 15 लाख प्रति उत्पाद, अधिकतम 10 उत्पादों हेतु आवेदन शुल्क की अधिकतम 50 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति की जा सकेगी, किन्तु इस हेतु इकाई को प्रति उत्पाद रूपये 50 करोड़ अथवा इससे अधिक व्यावसायिक निर्यात का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इस नीति की अवधि में किये जाने वाले पेटेंट पंजीकरण के संबंध में भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय संबंधित उत्पादों के पेटेंट दर्ज कराने संबंधी

		मामले में पेटेंट प्रमाण पत्र प्राप्त होने की स्थिति में व्यय की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जा सकेगी।
5	ड्रोन टेस्टिंग एवं ट्रैनिंग सेंटर की स्थापना	ड्रोन की टेस्टिंग तथा ड्रोन पायलट के प्रशिक्षण हेतु सेंटर की स्थापना पर किए गए व्यय का 20% अनुदान, अधिकतम रु 50 लाख।

(14) रूपये 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली इकाइयों के लिए विशेष औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन का प्रावधान :-

राज्य में रक्षा, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित उद्यमों में रूपये 1000 करोड़ अथवा इससे अधिक निवेश करने वाले अथवा 1000 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमों को औद्योगिक विकास नीति, 2024-30 में घोषित आर्थिक निवेश प्रोत्साहन के अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने के प्रस्तावों पर मंत्रिमंडलीय उप समिति विचार कर सकेगी।

Nava Raipur Atal Nagar, the 27th May 2025

NOTIFICATION

No. GEN-2101/1319/2025/COMM. & INDUS.— Whereas, the State Government is of the opinion that, in order to accelerate the industrial development of the State and to clarify the provisions of the Industrial Development Policy 2024–30, it is necessary to do so in public interest;

therefore, in exercise of the powers conferred under Para (2) of the Industrial Development Policy 2024–30, the State Government, hereby, makes the following further amendments to the Industrial Development Policy 2024–30, namely:

AMENDMENTS

In the Industrial Development Policy 2024–30,

1. in Para (12.3)(c), after the words "/ITES", the mark and words ", Global Capability Centre, and Defence, Aerospace and Space Technology" shall be added.

2. in Para (12.4)(a), for the words "the general enterprise", the words "enterprises established by entrepreneurs of the general category" shall be substituted.

3. in Para (12.4)(b), after the words "or provision", the mark and words "(except 12.4(c))" shall be added.

4. in Para (12.4), the new clause shall be added as follows, namely:

"(c) Units providing employment to more than 100 persons shall be eligible for an additional Fixed Capital Investment Subsidy as per the scale below and the maximum subsidy limit shall also be increased accordingly:

S. No.	Minimum Permanent Employment	Employment Multiplier
(1)	(2)	(3)
1.	100	1.1
2.	200	1.2

3.	500	1.3
4.	700	1.4
5.	1000	1.5"

5. in Para (12.5), the entry of point 19 in the table shall be substituted as follows:

"Reimbursement of expenses incurred for listing on SME Stock Exchange."

6. in Para (12.5), point 38 in the table under shall be deleted.

7. in Para (12.5), new entries in the table shall be added as follows:

"40	Employment Generation Subsidy
41	Special Investment Promotion Package for Establishment of Global Capability Center (GCC)
42	Special Investment Promotion Package for enterprises related to Defence, Aerospace, and Space Technology"

8. in Para (12.13) (a), for the words "30 percent of the infrastructure cost (except land) will be granted as subsidy, up to maximum of Rs. 4 Crore", the words "50 percent of the infrastructure cost (except land) or Rs. 20 lakh per acre, whichever is lower, shall be provided. For the establishment of Common Effluent Treatment/Sewerage Treatment Plants by developers of private industrial areas, a grant of 50% of the installation cost, subject to a maximum of Rs. 10 lakh per acre (industrial park), shall be provided. Additionally," shall be substituted.

9. in Para (12.13), for clause (b), the following clause shall be substituted, namely:

"(b) 50 percent of infrastructure cost (excluding land) or Rs. 20 lakh per acre, whichever is lower, shall be provided. For the establishment of Common Effluent Treatment/Sewerage Treatment Plants by developers of private industrial areas, a subsidy of 50% of the installation cost, subject to a maximum of Rs. 10 lakh per acre, shall be provided. In addition, 100% exemption from stamp duty, 50% reimbursement of land registration fee, and 100% exemption from land conversion charge (diversion fee) shall be granted. The developers of such private industrial areas/industrial parks may allot land to enterprises based on their own determined terms and conditions, but they must comply with all applicable government rules and regulations for the establishment/development of these areas."

10. in Para (12.13), new clauses shall be added as follows, namely:

